**न्यायालय प्रथम सिविल जज (जू0 डि0) हापुड़**
**उपस्थितः रवि कुमार, (उ0प्र0 न्यायिक सेवा) (U.P. 2570)**
**विविध वाद संख्या 37/2022**
**कम्प्यूटर संख्या 87/2022**
**मनवीर बनाम विजयपाल**
**UPHP060007642022**

<u>दिनांकः 11.02.2023 (राष्ट्रीय लोक अदालत)</u>

पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत हुयी। उभय पक्ष के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित।

उभयपक्ष को प्रार्थना पत्र 4ग पर सुना। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र 4ग इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि मृतक धर्मपाल सिंह प्रार्थी के पिता है। विपक्षी सं0 1 ता 5 मृतक स्व0 धर्मपाल सिंह के पुत्र व पुत्र वधू, पोता व पोती है। मृतक स्व0 धर्मपाल सिंह की मृत्यु दिं0 26.03.2020 को हो गयी थी। मृतक स्व0 धर्मपाल सिंह का डाकघर गुलावठी जिला बुलन्दशहर में एफ0डी0 संख्या 443451902 में अंकन 2,50,000/-रूपये व एफ0डी0 संख्या 4434532032 में अंकन 2,50,000/-रूपये कुल अंकन 5,00,000/-रूपये, की धनराशि मय ब्याज का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रार्थी के हक में जारी करने की याचना की गयी है।

विपक्षीगण द्वारा अनापत्ति प्रा0पत्र 15ग मय शपथ पत्र दाखिल किया गया है जिसमें कथन किया गया है कि स्व0 धर्मपाल सिंह प्रार्थी के पिता है। विपक्षी सं0 1 ता 5 मृतक स्व0 धर्मपाल सिंह के पुत्र व पुत्र वधू, पोता व पोती है। प्रार्थी के पक्ष में उत्तराधिकर प्रमाण पत्र जारी किये जाने में विपक्षीगण को कोई आपत्ति नहीं है।

सुना तथा परिशीलन किया।

विपक्षीगण को नोटिस दिये गये। हर खास आम को सूचना जरिये मुनादी व प्रकाशन करायी गयी। मृतक स्व0 धर्मपाल सिंह प्रार्थी के पिता है। विपक्षी सं0 1 ता 5 मृतक स्व0 धर्मपाल सिंह के पुत्र व पुत्र वधू, पोता व पोती है। विपक्षीगण द्वारा प्रार्थी मनवीर सिंह के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु अनापत्ति 15ग मय शपथ पत्र दाखिल की गयी है।

प्रार्थी द्वारा सूची 6ग से एक किता आधार कार्ड वादी, एक किता फोटो कापी मृत्यु प्रमाण पत्र धर्मपाल सिंह, एक किता फोटो कापी पारिवारिक प्रामाणपत्र व एक किता छायाप्रति डाकखाना पास बुक पत्रावली पर दाखिल किया है।

आपत्ति के अभाव में तथा विपक्षीगण की सहमति को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी के पक्ष में

उपरोक्त धनराशि हेतु प्रार्थना पत्र 4ग स्वीकार होने योग्य है।

## आदेश

प्रार्थनापत्र 4ग स्वीकार किया जाता है। प्रार्थी मनवीर सिंह के पक्ष में मृतक स्व0 धर्मपाल सिंह का डाकघर गुलावठी जिला बुलन्दशहर में एफ0डी0 संख्या 443451902 में अंकन 2,50,000/—रूपये व एफ0डी0 संख्या 4434532032 में अंकन 2,50,000/—रूपये कुल अंकन 5,00,000/—रूपये, की धनराशि मय ब्याज का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र समराशि का Indemnity Bond तथा उचित न्यायशुल्क अदा करने पर नियमानुसार जारी हो। प्रार्थी स्टांप की बाबत पैरवी करें।

यह उत्तराधिकार आदेश मात्र वर्णित डाक खाने की एफ0डी0 के लिए प्रभावी होगा। मूल मृत्यु प्रमाण पत्र नियमानुसार वापस हो। मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पत्रावली पर रखी जाये। पत्रावली आवश्यक कार्यवाही पश्चात दाखिल दफ्तर हो।

( रवि कुमार)
J.O. Code- U.P. 2570
सिविल जज (जू0 डि0), प्रथम
हापुड़।